श्री पदमावती पोरवाल जैन समिति, जयपुर

सिद्धार्थ मार्ग, गौरी विहार, न्यू सांगानेर रोड़, जयपुर

दिनांक : 11.11.2010

सम्मानीय सदस्यगण,

सादर जयजिनेन्द्र ।

आपको सूचित करते हुये बडी प्रसन्नता है कि आप द्वारा सहर्ष घोषित सहयोग राशि के प्राप्त होने के साथ ही समाज के भवन निर्माण पेटे बकाया राशि का भुगतान पूर्ण हो जायेगा अतः आपसे निवेदन है कि आप द्वारा सहर्ष घोषित सहयोग राशि शीघ्र ही 5 दिसम्बर 2010 तक आवश्यक रूप से जमा करा देवे ताकि दानदाता शिला पट्ट पर आपका नाम अंकित किया जा सके तथा ध्यान रखे कि दानदाता शिला पट्ट पर 5 दिसम्बर 2010 तक प्राप्त राशि का ही उल्लेख किया जायेगा । जिन बन्धुओं के पास समयाभाव के कारण भवन निर्माण हेतु सहयोग राशि संग्रहित करने हम नही पहुंच पाये है उनसे हम क्षमा चाहते है तथा निवेदन करते है कि जो सम्मानीय सदस्य भवन निर्माण पेटे अपनी स्वेच्छा से सहयोग राशि देने के इच्छुक है वो भी सहर्ष 5 दिसम्बर 2010 तक अपनी राशि जमा करा सकते है । 5000/. रूपये व उससे अधिक की राशि देने वाले दानदाताओं का नाम ही शिला पट्ट पर अंकित किया जायेगा ।

इसी क्रम मे स्थानीय समिति नें 10 नवम्बर 2010 को कार्यकारिणी व परामर्शदाताओं की सभा आहूत कर, सर्वसम्मति से भवन के लोकार्पण किये जाने हेतु स्थानीय सदस्यों के द्वारा बोली लगाकर लोकार्पण करने का अवसर प्रदान किये जाने का निर्णय लिया है इस हेतु 5 दिसम्बर 2010 को दोपहर 1:00 बजे पोरवाल भवन मे बोली का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है अत : आप सब से बोली मे भाग लेने के लिये पधारने का हमारा विशेष अनुरोध है । जिस सम्मानीय सदस्य द्वारा अधिक राशि की बोली लगायी जायेगी उसी सदस्य को लोकार्पण करने का सुअवसर प्रदान किया जायेगा तथा लोकार्पण से पूर्व 15 दिसम्बर 2010 तक राशि जमा करानी रहेगी ।

बोली द्वारा लोकार्पणकर्ता का तय हो जाने पर सम्भवत् आगामी 26 दिसम्बर 2010 को प्रातः 11:00 बजे पोरवाल भवन का लोकार्पण व स्वधर्मी वात्सल्य प्रीतिभोज रखा जायेगा जिसमे आप सपरिवार सादर आमंत्रित रहेगे तथा इस की सूचना पुनः आपको प्रेषित कर दी जायेगी ।

पुरूषोतम जैन
अध्यक्ष

राजेन्द्र राजा
मानद् मंत्री

व समस्त कार्यकारिणी सदस्य